


# पंचदश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-23

बुधवार, दिनांक-20 मार्च, 2013 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2913 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2929 एवं 2930 क्रमशः निगरानी विभाग एवं जल संसाधन विभाग को स्थानांतरित ।

(v) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 242 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री अब्दुल गफूर से समय सीमा के बाद प्राप्त कार्यस्थगन सूचना को अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्रीमती दिलमरणि देवी

(iii) श्री अमन कुमार

(iv) श्री कुमार शैलेन्द्र

(v) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(vi) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vii) श्री राजेश्वर राज

(viii) श्री राजकुमार राय

(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा

(x) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह

(xi) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(xii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xiii) श्री चन्द्रशेखर
(xiv) श्रीमती वीणा देवी
(xv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(xvi) श्री जवाहर प्रसाद

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य श्री सुमित कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से सम्बंधित दिनांक 1, 6, 11 एवं 15 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सतीश चन्द्र दूबे एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 4, 8 एवं 13 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन एवं अन्य सभासदों के निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित दिनांक 05, 12 एवं 19 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री सुबाष सिंह एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 8 एवं 13 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) मा० सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों के सहकारिता विभाग से संबंधित दिनांक 13 एवं 15 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा तीन माह के अंदर जाँच कराकर रिपोर्ट देने का निदेश दिया गया ।

(vi) मा० सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों के सहकारिता विभाग से सम्बंधित दिनांक 13 एवं 19 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 21.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(vii) मा० सदस्य श्री अखतरूल ईमान के पथ निर्माण विभाग से सम्बंधित दिनांक 19 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

आसन से घोषणा की गई कि शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ कल लिए जाएँगें ।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) मा० प्रभारी मंत्री सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार लोकायुक्त का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) मा० प्रभारी मंत्री उद्योग विभाग, श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा बिहार राज्य वित्तीय निगम के वर्ष 2010-11 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(iii) मा० सभापति, प्राक्कलन समिति, डॉ० इजहार अहमद द्वारा समिति का 149वाँ प्रतिवेदन को सदन में उपस्थापित किया गया ।

(iv) मा० सभापति, याचिका समिति, श्री श्याम बिहारी प्रसाद द्वारा समिति का 12वाँ से 20वाँ प्रतिवेदन (पंचदश विधान सभा) की प्रतियों को सदन में उपस्थापित किया गया ।

(v) मा० सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 491वाँ, 501वाँ एवं 502वाँ प्रतिवेदन की प्रतियों को सदन में उपस्थापित किया गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 5.40 बजे अप० तक ।**

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० प्रभारी मंत्री, समाज कल्याण विभाग श्रीमती परवीन अमानुल्लाह द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की समाज कल्याण नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री कृष्णनन्दन यादव | (ii) | श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह |
| (iii) | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह | (iv) | श्री अवधेश कुमार राय |
| (v) | श्रीमती रजिया खातुन | (vi) | श्री ललित कुमार यादव |
| (vii) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (viii) | श्रीमती ज्योति देवी |
| (ix) | डॉ० मो० जावेद | | |

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (x) | श्री राणा गंगेश्वर सिंह | (xi) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (xii) | श्री रतनेश सादा | (xiii) | श्री राम लषण राम 'रमण' |

माननीय प्रभारी मंत्री समाज कल्याण विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार वित्त विधेयक, 2013 :-

मा० प्रभारी मंत्री वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

स्वीकृति प्रस्ताव पर मा० नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा विरोध में अपना पक्ष रखा गया ।

मा० प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा उत्तर दिया गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[8] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत 24 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 21 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-20.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।